# कलर फैक्ट्री में भीषण आग, ड्रमों में विस्फोट

- धमाकों से क्षेत्र में मचा हड़कंप
- सुबह तक धू-धूकर जलती रही आग
- 10 दमकल और 95 टैंकरों ने आग पर पाया काबू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सोमवार देर रात सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमपीडी कलर फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया. रात करीब 3 बजे उठी लपटों के साथ फैक्ट्री परिसर में एक के बाद एक धमाकों की आवाजें गूंजने लगीं, जिससे आसपास के मजदूर और रहवासी दहशत में घरों से बाहर निकल आए थे.**

सूचना मिलते ही लक्ष्मीबाई नगर, सांवेर रोड, पीथमपुर, महू, बेटमा और देपालपुर से दमकल दल मौके पर पहुंचे. आग बुझाने में नगर निगम के 9 फायर फाइटर, करीब 95 टैंकर और पीथमपुर से आई 5 फोम फाइटर गाड़ियां रातभर आग पर काबू पाने में जुटी रहीं. आग इतनी भयावह थी कि एसडीआरएफ की टीम तक को बुलाना पड़ा. लपटें इतनी तेज थीं कि फैक्ट्री की दीवारें जेसीबी से तोड़नी पड़ीं, ताकि अंदर तक पानी पहुंचाया जा सके. आग बुझाने का यह अभियान पूरी रात चला. मंगलवार सुबह तक भी फैक्ट्री के कुछ हिस्सों से धुआं उठता रहा, हालांकि, दोपहर तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया था.





### लाखों का माल जलकर हुआ खाक

घटनास्थल पर मौजूद फायर ब्रिगेड के सब इंस्पेक्टर जीतसिंह हुड्डा ने बताया कि फैक्ट्री में कलर बनाने के लिए बड़ी मात्रा में ज्वलनशील केमिकल्स रखे थे. यही वजह रही कि आग लगते ही ड्रमों में विस्फोट होने लगे और लपटें तेजी से पूरे परिसर में फैल गईं थी. मंगलवार दोपहर 11 बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे में फैक्ट्री में रखे लाखों रुपए के केमिकल्स और कच्चा माल जलकर खाक हो गया. जबकि, राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई. जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारी पूरी रात मौके पर डटे रहे, हादसे के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है.

# हाईवे पर पिकअप के आगे लेटकर मौत को गले लगाया

- कुचलने से हुई दर्दनाक मौत, वीडियो वायरल

इंदौर/पीथमपुर. आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर शाम एक हृदय विदारक घटना हुई. यहां एक युवक तेज रफ्तार पिकअप के सामने अचानक सड़क पर लेट गया. कुछ ही सेकंड में पिकअप उसके ऊपर से गुजर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसमें युवक खुद को सड़क पर लेटाते हुए साफ दिखाई दे रहा है.



घटना सागौर थाना क्षेत्र के खंडवा चौराहा स्थित पंचवटी ढाबे के सामने की है. मृतक की पहचान 30 वर्षीय जीतू वासुदेव पिता कोमल वासुदेव, निवासी झांसी उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है. वह इसी ढाबे पर काम करता था. सोमवार रात वह ढाबे से बाहर निकला और कुछ ही देर बाद यह हादसा हो गया. थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे के अनुसार, घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है और मामला संदिग्ध लग रहा है. फुटेज में युवक जानबूझकर सड़क पर लेटता नजर आ रहा है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. ढाबा संचालकों और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना की सही वजह सामने आ सके. पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है. मृतक विवाहित था और उसके दो छोटे बच्चे हैं. परिजन शव लेकर झांसी रवाना हो गए. घटना के बाद क्षेत्र में यह चर्चा बनी हुई है कि युवक ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस अब इस सवाल के जवाब तलाशने में जुटी है.

# तेज रफ्तार इनोवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

**इंदौर**. भंडारी ब्रिज पर सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गई. हादसे के समय किसी प्रशासनिक अधिकारी का काफिला ब्रिज से गुजर रहा था. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.



एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि घटना देर रात की है, 30 वर्षीय नितेश पिता सुरेश यादव, निवासी सोमनाथ की चाल, अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी भंडारी ब्रिज पर तेज रफ्तार इनोवा ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वह बाइक समेत फुटपाथ से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों और एक ओला कैब ड्राइवर ने तत्काल मदद करते हुए घायल नितेश को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि टक्कर मारने वाला वाहन उस काफिले का हिस्सा था, जो हादसे के समय ब्रिज से गुजर रहा था. वहीं, परिजनों ने बताया कि नितेश सियागंज स्थित एमपीईबी ऑफिस में निजी ड्राइवर के रूप में कार्यरत था. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा रही है. पुलिस अधिकारी काफिले की पुष्टि या उसमें शामिल वाहनों की जानकारी जुटाने में लगे हैं.

## विधायक की जान बचाने वाले पुलिसकर्मी को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक सराहनीय निर्णय लिया गया. सरकार ने इंदौर के विधायक मधु वर्मा की जान बचाने वाले बहादुर पुलिसकर्मी को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने की घोषणा की है.

कुछ दिन पहले विधायक मधु वर्मा को अचानक हार्ट अटैक आया था. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच गई. मुख्यमंत्री ने इस उदाहरण को कर्तव्यनिष्ठा और मानवता का अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे कर्मियों को प्रोत्साहित करना पुलिस सेवा की गरिमा को और बढ़ाता है. कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी देते हुए पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने का निर्णय लिया.

# पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की समस्याएं

- 54 शिकायतों पर दिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आम नागरिकों की समस्याओं के तुरंत निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाती है, जिसमें पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने अति. पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था अमित सिंह और सभी जोन के अधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए.

जनसुनवाई के दौरान 54 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए. इनमें आपसी विवाद, जमीन और पारिवारिक झगड़े, धोखाधड़ी, महिला उत्पीड़न सहित अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं. पुलिस कमिश्नर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए थानेवार अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता है. वहीं, जो शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित थीं, उनके आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क कर उचित कार्रवाई करवाने की सलाह दी गई. राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली यह जनसुनवाई नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे शीर्ष अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच प्रदान कर रही है.



## दुर्गेश पंवार हत्याकांड का मुख्य आरोपी रोहित उर्फ बिट्टू गिरफ्तार



**इंदौर.** थाना जूनी इंदौर क्षेत्र के चर्चित दुर्गेश पंवार हत्याकांड के मुख्य आरोपी रोहित उर्फ बिट्टू पंवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए भागने का प्रयास किया, इस दौरान वह रेलवे ट्रैक पर गिर गया, जिससे उसके पैर में चोट लग गई. घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजकर पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है.




Visit us in **INDORE**: Geetan Bhawan, A.B. Road - MEHTA AUTOMOBILES, 9039091414 | Airport Road - V.N. MOTORS, 7428443917 | Bhawarkua - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 | Malwa Mill - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 |Lakshya Automobiles, 092899 23176 | **DEWAS:** KHURANA MOTORS, 080-48247251 | **DHAR:** SAKSHI AUTOMOBILES, 09289922618| Raghuanshi Automobiles, 092899 23047 | Annapurna Motors, 092899 22749